# CHAPTER 6

# *Internet & ICT Environment 04*

## Learning to create identity in web
## (वेब पर अपनी पहचान बनाना)

**क्या सीखेंगे ? (Learning Outcomes)**

- ❖ Internet (इंटरनेट) पर ids बनाना और अपने पासवर्ड (password) की देखभाल करना।
- ❖ Cyber ethics से परिचित करना।

## Tools: Internet



रेशमा और सलोनी, तुम दोनों सहेलियां इतनी दुखी क्यों लग रही हो?

मैडम, सलोनी के पापा का ट्रान्सफर दूसरे शहर में हो गया है! अब यह अपने परिवार के साथ दूसरे शहर चली जाएगी! हम लोग इसलिए दुखी हैं कि अब हम लोग कैसे एक दूसरे के साथ अपनी सारी बातें कर पायेंगे?





तुम लोग एक दूसरे को letters (पत्र) लिख सकते हो। जिसको letter box में डालकर post office के माध्यम से भेज सकते हो।



मैडम, post office के माध्यम से letters भेजने की सुविधा बहुत ही अच्छी है, लेकिन इसमें पत्र के भेजने–मिलने में कुछ दिन का समय लग जायेगा, हम लोग प्रतिदिन की दिनचर्या एक दूसरे को नहीं बता पाएंगे






मेरे पास तुम लोगों की समस्या का एक समाधान है! तुम लोग internet के माध्यम से विभिन्न तरीकों जैसे की e-mails, chatting (चैटिंग) और video (विडियो) conferencing (कॉन्फ्रेसिंग) आदि की मदद से एक दूसरे से प्रतिदिन बहुत आसानी से संपर्क कर सकती हो।

अरे वाह! मैडम, please हम लोगों को बताए की e-mail, chatting और video conferencing क्या होता है और हम लोग इनको कैसे उपयोग कर सकते हैं?







E-mail का मतलब electronic (इलेक्ट्रॉनिक) mail होता है। यह चिट्ठी (पत्र) का ही आधुनिक रूप है, जिसमें हम electronic communication devices जैसे की विभिन्न प्रकार के computers, smart phone आदि की मदद से digital सन्देश विश्व के एक कोने से दूसरे कोने में पलक झपकते ही भेज सकते हैं।




विभिन्न websites e-mail की सुविधा प्रदान करती हैं, जैसे की gmail, yahoomail, rediffmail आदि!
email की सुविधा का उपयोग करने के लिये हमको अपनी पसंद की website पर अपना id बनाना होगा और उसको password (पासवर्ड) से सुरक्षित करना होगा ताकि कोई भी उसका दुरूपयोग न कर पाए।

## Internet (इंटरनेट) पर ID बनाना और अपने पासवर्ड (password) की देखभाल करना।


**आओ करके देखें (Activity) 1:**

Internet पर, अपने माता–पिता, अध्यापक या अभिभावक की देखरेख में अपनी email id बनाने के लिये हमको निम्नलिखित steps को follow करना पडेगा:





**Step-1:** अपनी पसंद के browser के address bar में, email की सुविधा प्रदान करने वाली website जैसे की gmail का U-R-L (Uniform Resource Locator) gmail.com टाइप करके enter key प्रेस करें।


**Recall......** हमने Class–6 में पढ़ा था कि internet पर मौजूद हर संसाधन का एक अनोखा पता होता है जिसको U-R-L (Uniform Resource Locator) कहते हैं।





**Step-2:** gmail का homepage खुल जायेगा। More options पर mouse pointer लाकर single click करें!




**Step-3:** More options में मिले दो sub-options में से "Create account" option का चुनाव करने के लिये उस पर mouse pointer लाकर single click करें!




**Step-4:** Account registration page खुल जायेगा, जिसमें अपने बारे में सूचना भरनी या लिखनी होगी, जैसा की इस screenshot में दिखाई दे रहा है!





**Step-5**: विभिन्न text boxes में मांगी गयी सूचना को भरिए। आप अपना user name और paasword अपनी पसंद का चुन सकते हैं।

यहाँ पर आपको वह Mobile number भरना चाहिए जिसका आप उपयोग कर पाते हों, क्यूंकि account registration के अंतिम step में email-website की तरफ से आपकी पहचान को सत्यापित (verify)करने के लिये एक code इसी number पर भेजा जायेगा।

**Step-6:** सारी सूचना भरने के बाद "Next step" button पर click करें!


**Note:**

- अगर आपकी पसंद का user name उपलब्ध नहीं होगा तब email- website आपको आपकी पसंद के user name से मिलते–जुलते कुछ नाम का सुझाव देगी, जिसमें से आप सुयोग्य user name चुन सकते हैं। जैसा की इस screenshot में दिखाया गया है!




- username और password रखने के नियम अपने आप उन box के सामने आ जायेंगे, जैसा कि ऊपर दिए गए account registration screen shot में दिखाया गया है!
- बच्चों की सुरक्षा के लिये, 13 साल से कम उम्र के बच्चे को अपने नाम से email id बनाने की अनुमति नहीं होती है। 13 साल से कम उम्र के बच्चे अपने माता जी–पिता जी, बड़े भाई–बहन या फिर किसी अभिभावक के email account का प्रयोग कर सकते हैं!

**Step-7:** Verification code को प्राप्त करने के लिये दिए गए दो options में से कोई एक चुन कर "Continue" button पर click करें।





Next step में gmail website की Privacy and Terms (गोपनीयता और शर्तों) का पेज खुल जायेगा जिसमें email website पिछले steps में हमारे द्वारा दी गयी हमारी व्यक्तिगत सूचना के संभावित उपयोग को घोषित करती है।

बच्चों हमको इस तरह के किसी भी पेज को बहुत ध्यान से पढ़ना चाहिए और अगर हमको यह शर्तें मंजूर हो तभी हमको अपनी सहमती देनी चाहिए।





**Step-8:** Email-website के "Privacy and Terms" अपनी सहमति बताने के लिये Next step में "I Agree" button पर click करें।

**Note:** अगर हम website की Privacy and Terms से जरा भी असहमत हों तो हम "CANCEL" बटन पर click करके "Account Registration" process को मध्य में ही छोड़ सकते हैं।




**Step-9:** आपकी पहचान को सत्यापित (verify) करने के लिये, email-website की तरफ से, आपके द्वारा दिए गए mobile number पर भेजा गया verification code, दिखाए गए text box में टाइप करके "Continue" button पर click करें।








**Step-10:** आखिरी step में "Welcome" screen आ जाएगी! "Continue to Gmail" button पर click करके आप email का process शुरू कर सकते हैं!

इस screen पर email से सम्बंधित विभिन्न options जैसे कि "Inbox", "Compose" आदि हैं, जिनको इस chapter में हम आगे एक–एक करके सीखेंगे।



**बच्चों, आपने अभी अभी बने हुए email id के email address पर ध्यान दिया होगा:**




**User name:** अपनी पहचान के लिये आप अपनी पसंद के नाम से मिलते जुलते नामों की सूची में से कोई भी उपलब्ध नाम चुन सकते हैं!

**Domain name:** यह Internet पर मौजूद हर resources (संसाधन) को एक सरल, अनोखी, व्यक्ति को आसानी से समझ में आने वाली और याद रह जाने वाली पहचान देता है। ज्यादातर व्यक्ति या Organizations अपने नाम या उद्देश्य से मिलते जुलते नाम का domain लेते हैं ताकि internet पर लोग आसानी से उस तक पहुच सकें।

**Note: Domain name 1** से ज्यादा parts से मिल कर बने होते हैं जिनको labels कहते हैं। यह labels dot '.' से परस्पर जुड़े होते हैं। इन labels का वर्गीकरण right side से left side की तरफ होता है! Right most side के part को top-level (highest level) domain कहते हैं जिनका नाम और उद्देश्य नीचे दी गयी सारणी में समझाया गया है:

| Top-Level Domain name | Used by |
|---|---|
| **gov** | Government Organizations |
| **edu** | Educational institutions |
| **com** | Commercial Organizations |
| **mil** | Military Organizations |
| **org** | Miscellaneous organizations not fitting in other categories (generally non-commercial) |
| **net** | Network infrastructure |
| **int** | Intergovernmental organizations and organizations with United Nations observer status. |

इसके अतिरिक्त किसी देश का country code भी Internet top-level domain हो सकता है जैसे हमारे देश का country code .in है, अमेरिका देश का country code .us है।
उदहारण के लिये हमारे देश की website का U-R-L https://www.india.gov.in/ है जिसमें भारत देश का country code है।

अब आप अपनी website के नाम के आगे भारत भी लगवा सकते हैं।



**Note: ICANN** (Internet Corporation for Assigned Names and Numbers) एक private (निजी), non-government (गैर सरकारी), non-profit (गैर लाभकारी) संस्था है जो internet के प्रबंधन से सम्बंधित विषयों जैसे की IP address space allocation, domain name system, root name server management आदि की जिम्मेदारी को संभालता है। ICANN का आमतौर पर उच्चारण आयकैन (EYE-kan या I Can) करते हैं, जिसका मतलब होता है कि मैं internet के प्रबंधन का कम से कम प्रयास कर सकता हूँ।

**स्वयं करके देखें (Practice) 1:**

Internet पर अपनी email id बना कर क्लास के बच्चों के साथ शेयर करें।


**आओ करके देखें (Activity) 2:**


प्राप्त हुई mail को पढ़ने का प्रयास करें।


**प्राप्त email को पढ़ने के स्टेप्स:**


प्राप्त हुई mail को पढ़ने के लिये हमको निम्नलिखित steps को follow करना पड़ेगा:

**Step-1:** अपनी पसंद के browser के address bar में, email website-gmail का U-R-L (gmail.com) टाइप करके enter key प्रेस करें!






Gmail
https://accounts.google.com/signin/v2/identifier?service=mail&passive=true&rm=false...
Apps New Tab sms Bigtgs - Login Daily Attendance Google
Google
Sign in
to continue to Gmail
saloni.gautam2017@gmail.com
Forgot email?
More options
NEXT
English (United States)
Help Privacy Terms
Step-2: gmail का homepage खुल जायेगा अपना email id या Phone number टाइप करें।
Step-3:"Next" Button पर क्लिक करें।


Gmail
https://accounts.google.com/signin/v2/sl/pwd?service=mail&passive=true&rm=false&...
Apps New Tab sms Bigtgs - Login Daily Attendance Google
Google
Hi saloni
saloni.gautam2017@gmail.com
Forgot password?
NEXT
Step-4: अपना password टाइप करें।
Step-5: "Next" button पर क्लिक करें।





"Progress bar", inbox के loading के status को बताता है!






**E-mail window को close करने के स्टेप्स:**

E-mail की विंडो को नीचे दिए गए steps का अनुसरण करते हुए sign out करने के बाद ही बंद करना चाहिए।



**स्वयं करके देखें (Practice) 2:**

अपनी email id खोल कर, आई हुई mail को पढ़ने का प्रयास करें।


**आओ करके देखें (Activity) 3:**


अपनी email id से एक mail लिख कर भेजने का प्रयास करें!

## Email लिख कर भेजने के स्टेप्स:

Email को लिखकर भेजने के लिये हमको निम्नलिखित steps को follow करना पड़ेगा:

"COMPOSE" button पर single क्लिक करें!








**स्वयं करके देखें (Practice) 3:**




अपनी email id से **"पानी का हमारे जीवन में महत्व"** विषय पर एक लेख लिख कर अपने सहपाठियों को भेजें!

## Cautions while emailing (Emailing के वक्त सावधानी)

- ⚠ हमें email id अपने नाम या अपनी किसी पहचान से ही बनाना चाहिए ताकि हमसे सम्बंधित लोग आसानी से हमारी mail को पहचान जायें।
- ⚠ हमें किसी और के नाम या पहचान से अपनी email id नहीं बनाना चाहिए! यह एक cyber crime है, जिसके लिए कड़ी सजा का प्रावधान है! Cyber crime के बारे में हमने पिछली क्लास में पड़ा था, जिसको नीचे "Recall...." section में एक बार फिर बताया गया है।
- ⚠ हमें अजनबी लोगों से email पर बातचीत करने से बचना चाहिए।
- ⚠ अजनबी sender (प्रेषक) से आई हुई mails को बहुत सावधानी से खोलना चाहिए और अपनी व्यक्तिगत, व्यावसायिक या बैंकिंग सूचनाओं को किसी भी अजनबी sender (प्रेषक) को नहीं बताना चाहिए।
- ⚠ हमको fraudulent (धोखाधड़ी वाली) mails से बहुत सावधान रहना चाहिए! जैसे कि बैंकिंग से सम्बंधित mail के U.R.L को बहुत सावधानी से देखना चाहिए! उदहारण के लिये स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की mail का U.R.L contacts@sbionline.co.in की जगह contacts@s<u>S</u>bionline.co.in हो सकता है, जिसमें sbi शब्द में एक S अधिक है।
- ⚠ किसी mail में कोई Trojan Horse की तरह का कोई प्रोग्राम भी छुपा हो सकता है जो अपने आप को बहुत उपयोगी होने का ढोंग करे लेकिन वास्तिविकता में वह दुर्भावनापूर्ण हो। जैसे कि किसी अनजान sender से आई हुई बधाई की mail जिसका विषय कुछ इस तरह का हो सकता है:

"Congratulations, you have won million dollors, click here to proceed....."

हमको ऐसे किसी भी धोखे में पड़ने से बचने के लिए इस तरह की mails को नजर अंदाज कर देना चाहिए!

⚠ किसी भी दूसरे व्यक्ति के बारे में आई हुई खराब mail को आगे भेज कर मामले को फैलाना नहीं चाहिए!

⚠ किसी भी संदेहात्मक mail को बिना कोई पल गवाएं तुरंत अपने माता–पिता, अध्यापक या अभिभावक को दिखा कर मार्गदर्शन लेना चाहिए!

## Recall...




Computer या internet से होने वाले अपराध को cyber crime (साइबर क्राइम) कहते हैं। cyber crime के निम्नलिखित उदाहरण हो सकते है:



- बैंक की सूचनाओं की चोरी करना या पैसो की हेराफेरी करना।
- किसी को मानसिक रूप से परेशान करना।
- किसी का अपमान करना।
- हमारी पहचान या व्यक्तिगत/व्यावसायिक सूचना को चुरा कर उसका अपने फायदे के लिये या हमको नुक्सान पहुचाने के लिये उपयोग करना।
- अश्लील हरकतें आदि।

दुर्भाग्यवश आजकल यह सूची बहुत लम्बी हो चुकी है।




## Password और उसकी देखभाल





प्यारे बच्चों, आपको अपने दैनिक जीवन में lock-key (ताला–चाबी) के महत्व के बारे में तो पता ही होगा! हमारे घरों में और हमारे सामान की सुरक्षा में lock-key बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



हमारा password भी lock की उस चाबी जैसा ही है! जिस तरह से अगर किसी व्यक्ति को किसी box में लगे हुए ताले (lock) की चाबी (key) मिल जाये तब वह व्यक्ति उस box के सामान का गलत इस्तेमाल भी कर सकता है उसी तरह से अगर किसी व्यक्ति को हमारे email id का paasword पता लग जाये तो वह हमारे email id का गलत इस्तेमाल कर सकता है!

इसीलिए हमको अपने email id के password की देख–भाल बहुत अच्छे से करना चाहिए। password की सुरक्षा के कुछ साधारण उपाय इस तरह से हैं–

⚠ हमको अपना password किसी को भी नहीं बताना चाहिए।

⚠ Password enter करते हुए हमको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कोई हमारा password न देख रहा हो।

⚠ हमको अपना password नियमित रूप से बदलते रहना चाहिए।

⚠ Password बहुत आसान और user से सम्बंधित नहीं होना चाहिए जैसे कि user का नाम या किसी पारिवारिक सदस्य का नाम, जन्मदिन आदि।

## Cyber ethics से परिचित करना!

"हमारा अच्छा चरित्र हमको हर वक्त सही काम करने की प्रेरणा देता है!"
"जैसे आचरण की तुम दूसरों से अपेक्षा रखते हो, वैसा ही आचरण तुम दूसरों के प्रति करो।"






















आइए देखें कि computer lab में कुछ बच्चे क्या बात–चीत कर रहें हैं–

















**प्यारे बच्चों, यह आप लोगों की गलतफहमी है की internet की दुनिया में आप को कोई नहीं देख रहा है। बल्कि internet पर हर किसी की सारी गतिविधि record होती रहती है, जरूरत पड़ने पर cyber police इन records की मदद से किसी भी व्यक्ति तक पहुच सकती है।**

दैनिक जीवन की तरह से, internet की दुनिया में काम करते हुए भी हमको अपने नैतिक व्यवहार को नहीं भूलना चाहिए। जिस तरह से हमको अपने देश के सारे नियम–कानून का पालन करते हुए एक अच्छा नागरिक (citizen) बनना चाहिए, उसी तरह से internet पर हमको निम्नलिखित आदर्श व्यव्हार को दर्शाते हुए एक अच्छा internet citizen (netizen) बनना चाहिए।

Internet + Citizen = Netizen

1. हमें internet से किसी और के किए हुए काम को copy करके अपने नाम से प्रस्तुत नहीं करना चाहिए! हम जिस भी websites या लेखक का data लें, उसको उसका श्रेय जरूर देना चाहिए! हमें पिछली क्लास में सीखे हुए IPR (Intellectual Property Rights) को मानना चाहिए!

   **किसी और के द्वारा किये गए किसी भी तरह के अविष्कार या साहित्य/लेखन/कला और संगीत के क्षेत्र में किये गए किसी और के मौलिक काम या विचार को बिना उस व्यक्ति को श्रेय दिए अपने नाम से प्रस्तुत करने को Plagiarism कहते हैं! हमें दैनिक जीवन के साथ–साथ internet पर काम करते हुए भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए!**
2. हमें अनाधिकृत (unauthorized) तरीके से किसी भी internet resources को उपयोग करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए!
3. हमें cyber bullying नहीं करना चाहिए मतलब कि हमको अपनी internet की गतिविधि से किसी को भी परेशान नहीं करना चाहिए!
4. हमें internet के माध्यम से किसी की भी निजी जिन्दगी में दखल नहीं देना चाहिए!
5. हमें internet के माध्यम से आतंकवाद (cyber terreorism) को बढावा नहीं देना चाहिए!
6. हमें internet/mail में असभ्य/आप्तिजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए!

**स्वयं करके देखें (Practice) 4:**

Cyber ethics के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये "Do's and Don't on Internet" विषय पर एक लेख लिख कर उसको अपने स्कूल के display board पर लगाओ।










- बच्चों, हमको internet पर अपनी personal information किसी भी अन्जान व्यक्ति/वेबसाइट को बिना पूरी जांच–पड़ताल के नहीं देनी चाहिए।
- हमको अन्जान व्यक्ति से किसी भी तरह से internet पर बात–चीत नहीं करनी चाहिए।
- हमको internet पर ज्यादा समय online games पर व्यतीत नहीं करना चाहिए।
- किसी भी संदेहात्मक स्थिति में बिना कोई पल गवाएं तुरंत अपने माता–पिता, अध्यापक या अभिभावक से मार्गदर्शन लेना चाहिए।



Internet पर काम करते हुए आखरी चरण में बहुत बार आपकी एक छोटी सी परीक्षा हो सकती है जिसमें आपको कुछ टेड़े–मेड़े शब्द पहचानने पड़ सकते हैं! इस तरह के test को CAPTCHA कहते हैं। CAPTCHA शब्द का पूर्ण रूप "Completely Automated Public Turing test to tell Computers and Humans Apart" होता है! इसका उद्देश्य यह जानना होता है कि user (उपयोगकर्ता) मनुष्य है या कोई प्रोग्राम!

**Know More**













Mobile app एक तरह का computer program होता है जो mobile devices जैसे कि phone/ tablet/watch में run करने के लिये design किया जाता है! कुछ प्रसिद्ध mobile apps की सूची और उनका उपयोग नीचे सारणी दीया गया है:

| Mobile App | Chatting application |
|---|---|
| WhatsApp | Chatting application |
| Facebook | Social networking service |
| Instagram | Photo-videos sharing application |
| Snapchat | Image messaging and multimedia mobile application |
| SHAREit | Sharing documents, files, quotes, proposals, spreadsheets and other business information quickly between devices |
| Uber | Cab booking app |
| YouTube | Video sharing app |




I respect everyone: मैं internet/mails में असभ्य/आप्तिजनक भाषा का इस्तेमाल नहीं करती हूँ।

I respect everyone's Privacy: मैं internet के माध्यम से किसी की भी निजी जिन्दगी में दखल नहीं देती हूँ।



**हमारा गौरव**



Sabeer Bhatia, co-founder of Hotmail, one of the first free e-mail services in the world.

## याद रखें।

- Internet के माध्यम से विभिन्न तरीकों जैसे कि e-mails, chatting (चैटिंग) और video (विडियो) conferencing (कॉन्फ्रेंसिंग) आदि की मदद से हम एक दूसरे से प्रतिदिन बहुत आसानी से संपर्क कर सकते हैं।
- E-mail का मतलब electronic (इलेक्ट्रॉनिक) mail होता हैं।
- E-mail चिट्ठी (पत्र) का ही आधुनिक रूप है, जिसमें हम electronic communication devices जैसे कि विभिन्न प्रकार के computers, smart phones आदि की मदद से digital सन्देश विश्व के एक कोने से दूसरे कोने में पलक झपकते ही भेज सकते हैं।
- विभिन्न websites e-mail की सुविधा प्रदान करती हैं, जैसे कि gmail, yahoomail, rediffmail आदि।
- email की सुविधा का उपयोग करने के लिये हमको अपनी पसंद की website पर अपना id बनाना होगा और उसको password (पासवर्ड) से सुरक्षित करना होगा ताकि कोई भी उसका दुरूपयोग न कर पाए।
- बच्चों की सुरक्षा के लिये, ज्यादातर websites 13 साल से कम उम्र के बच्चे को अपने नाम से email id बनाने की अनुमति नहीं होती है! 13 साल से कम उम्र के बच्चे अपने माता जी–पिता जी, बड़े भाई–बहन या फिर किसी अभिभावक के email account का प्रयोग कर सकते हैं।
- हमको Internet पर काम करते हुए किसी भी webpage के Privacy and Terms (गोपनीयता और शर्तों) के पेज को बहुत ध्यान से पढ़ना चाहिए और अगर हमको उस पर दी गयी शर्तें मंजूर हो तभी हमको अपनी सहमती देनी चाहिए।
- अगर हम website की Privacy and Terms से जरा भी असहमत हों तो हम "CANCEL" बटन पर क्लिक करके "Account Registration" process को मध्य में ही छोड़ सकते हैं।
- Email की विंडो को उचित तरीके से sign out करने के बाद ही बंद करना चाहिए।
- हमें emailing के वक्त सावधानी बरतनी चाहिए और इस अध्याय में समझाई गयी चेतावनियों को ध्यान में रखना चाहिए।
- Computer या internet से होने वाले अपराध को cyber crime (साइबर क्राइम) कहते हैं।
- किसी और के द्वारा किये गए किसी भी तरह के अविष्कार या साहित्य/लेखन/कला और संगीत के क्षेत्र में किये गए किसी और के मौलिक काम या विचार को बिना उस व्यक्ति को श्रेय दिए अपने नाम से प्रस्तुत करने को Plagiarism कहते हैं।

- Internet पर काम करते हुए हमको अपने password की देख–भाल बहुत अच्छे से करनी चाहिए और इस अध्याय में बताए गए साधारण उपायों का पालन करना चाहिए।
- जिस तरह से हमको अपने देश के सारे नियम–कानून का पालन करते हुए एक अच्छा नागरिक (citizen) बनना चाहिए, उसी तरह से internet पर हमको आदर्श व्यव्हार को दर्शाते हुए एक अच्छा cyber citizen (netizen) बनना चाहिए और इस अध्याय में बताए गए cyber ethics का पालन करना चाहिए।
- हमको internet पर अपनी सुरक्षा के बारे में सतर्क रहना चाहिए और अपनी personal information किसी भी अन्जान व्यक्ति / वेबसाइट को बिना पूरी जांच–पड़ताल के नहीं देनी चाहिए।
- Internet पर काम करते हुए किसी भी संदेहात्मक स्थिति में बिना कोई पल गवाएं तुरंत अपने माता–पिता, अध्यापक या अभिभावक से मार्गदर्शन लेना चाहिए।

**References:**


- http://www.google.com
- http://www.gmail.com
- https://www.bharat.in/


**स्वयं करें**

- Internet की मदद से email के इतिहास को जानें।
- Internet की मदद से स्वामी विवेकानन्द के बारे में जानने का प्रयास करें।
- अपनी email id से नीचे लिखे हुए विषय पर एक लेख लिख कर अपने सहपाठियों को भेजें!

**"हम सबकी है जिम्मेदारी,**
**प्रदूषण मुक्त हो दुनिया सारी"**

# SELF ASSESSMENT

Fill the following assessment sheet with the activity and grades awarded by the student (self) and peer group according to the grade scheme mentioned below.

| SL.NO | (Practices & Projects) | SELF ASSESSMENT | PEER ASSESSMENT | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Name of the peer | Grade |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

## GRADE SCHEME

| Grade | Points | Remedial Remarks |
|---|---|---|
| D | 1 | Need Teacher's Help |
| C | 2 | Requires occasional peers' help |
| B | 3 | Can work independently. |
| A | 4 | Is able to help others. |

Note: Peer assessment must be done by any one peer from the student's group.

# अभ्यास

## I. बहुविकल्पीय प्रश्न

a. Internet के माध्यम से निम्नलिखित किन तरीकों की मदद से हम एक दूसरे से प्रतिदिन कभी भी संपर्क कर सकते हैं:

i. e-mails

ii. chatting

iii. video (विडियो) conferencing (कॉन्फ्रेंसिंग)

iv. All of the above

b. E-mail का मतलब ........................................................................ होता है।

i. electronic mail

ii. easy mail

iii. everyone's mail

iv. electric mail

c. Email को लिखने के लिये ............................................ button पर single क्लिक करें।

i. SIGNOUT

ii. COMPOSE

iii. WRITE

iv. "I Agree"

d. ......................................... हमारे घर के letter box जैसा होता है, जिसमें हमको भेजी गयी सारी mails (letters) दिखाई देंगी।

i. LetterBox

ii. Outbox

iii. Inbox

iv. Mailbox

## II. रिक्त स्थान भरो।

a. Mail लिखने के बाद ............................................................ button पर click करने से mail receiver के पास चली जाएगी।

b. Email की विंडो को ............................................... करने के बाद ही बंद करना चाहिए।

c. अधिकतर websites बच्चों की सुरक्षा के लिये, ...................................... साल से कम उम्र के बच्चों को email id बनाने की अनुमति नहीं देतीं है।

d. Computer या internet से होने वाले अपराध को ........................................... कहते हैं।

## III. सही वाक्य के आगे सही (✓) तथा गलत के आगे गलत (✗) का चिन्ह लगायें ।

a. अगर किसी website पर आपकी पसंद का user name उपलब्ध नहीं होगा तब वह website आपको आपकी पसंद के user name से मिलते–जुलते कुछ नाम का सुझाव देगी, जिसमें से आप सुयोग्य user name चुन सकते हैं। ( )

b. हमको Internet पर काम करते हुए किसी भी website के Privacy and Terms के पेज को बहुत ध्यान से पढ़ना चाहिए और अगर हमको यह शर्तें मंजूर हो तभी हमको अपनी सहमती देनी चाहिए। ( )

c. अगर हम किसी website पर account बनाते समय उसकी Privacy and Terms से असहमत भी हों तब भी हम "Account Registration" proces को मध्य में नही छोड़ सकते हैं। ( )

d. Internet पर काम करते हुए हमको अपनी सुरक्षा की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं होती है। ( )

**IV. लघु उत्तरीय प्रश्न।**

a. Plagiarism से आप क्या समझते हैं?

b. Password की सुरक्षा के किन्ही चार साधारण उपायों के बारे में लिखें।

**V. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न।**

a. Internet पर काम करते हुए किसी account के password के महत्त्व और उसकी सुरक्षा के बारे में एक लेख लिखें।

b. Emailing के वक्त हमको क्या क्या सावधानी बरतनी चाहिए? विस्तार से बताएं।